बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांकः–वि० प्रा० (VI) क्रेडिट कार्ड-01/2020 1683 /पटना, दिनांक – 26-6-20

प्रेषक,

निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य,
सभी राजकीय पोलिटेकनिक / राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान
बिहार।

विषयः– **राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों / पोलिटेकनिक संस्थानों में सत्र 2020 में नामांकन लेने वाले सभी छात्रों के पास आधुनिक सॉफ्टवेयर लोडेड लैपटॉप अनिवार्य रूप से होने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि तकनीकी के क्षेत्र में प्रतिदिन हो रहे सतत् विकास एवं अमूल परिवर्तन तथा नयी तकनीक से सभी अभियंत्रण एवं पोलिटेकनिक के छात्रों को अवगत रहने हेतु कम्प्यूटर का समुचित ज्ञान आवश्यक है। Covid-19 के दौरान Online पठन–पाठन एवं प्रशिक्षण की आवश्यता वृहत् रूप से परिलक्षित हुई है एवं भविष्य में भी प्रशिक्षण एवं सूचना–ज्ञान आदि के व्यापक प्रसार हेतु लगातार Online माध्यम के उपयोग की आवश्यकता होगी। यह भी पाया गया है कि कई छात्रों के पास व्यक्तिगत कम्प्यूटर सिस्टम / लैपटॉप आदि के अभाव में Online माध्यम से प्रशिक्षण के प्रभावशाली प्रसार नहीं हो पा रहा है, जिससे गुणवतापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में कई छात्र अन्य छात्रों की तुलना में पिछड़ जा रहे है। ऑनलाईन पठन–पाठन एवं विभिन्न सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की **जानकारी छात्रों को रखने हेतु सभी छात्रों के पास लैपटॉप होना आवश्यक है अन्यथा आधुनिक युग में पढ़ाई एवं समावेशी विकास में वे पिछड़ जायेगें।**

अतएव सत्र–2020 से सभी छात्रों को नामांकन के समय संबंधित संस्थान के प्राचार्य को निर्देश दिया जाता हैं कि जो छात्र सक्षम होगें उन्हें वर्गाध्यापन प्रारंभ होने की तिथि से ही निश्चित रूप से लैपटॉप रखने की अनिवार्यता रखी जाय। जो छात्र लैपटॉप खरीदने में असमर्थ है, उन्हें भी अधिकतम 30 दिनों का समय **लैपटॉप** क्रय करने हेतु दिया जा सकता है। ऐसे छात्रों हेतु प्राचार्य Camp लगवाकर Student credit Card योजना के माध्यम से लैपटॉप क्रय कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें।

विश्वासभाजन,
25.06.2020
निदेशक
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

दिनांक–23.06.2020